तेरे भक्त पुकारे आ जाओ

महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ,
तेरे चरणों में आ बैठे है कर शेर सवारी आ जाओ,
महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ....

तेरी सुन्दर शेर सवारी है,
तेरी महिमा सबसे न्यारी है,
हमे बाल रूप दिखला जाओ,
कर शेर सवारी आ जाओ,
महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ.....

तेरी ममता बड़ी निराली है,
तू भक्तो की रखवाली है,
मेरे बिगड़े काम बना जाओ,
और दुखड़े दूर भगा जाओ,
महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ.....

तेरा पार ना कोई पाया मां,
कहलाती हो महामाया मां,
मेरी उलझन तुम सुलझा जाओ,
ये माया जाल हटा जाओ,
महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ.....

सारे जग की तू तो पालक है,
ये सिंगला तेरा बालक है,
मेरे सर पे हाथ टिका जाओ,
भक्ति की राह दिखा जाओ,
महामाया मां बाला सुन्दरी तेरे भक्त पुकारे आ जाओ.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30238/title/tere-bhakat-pukare-aa-jao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |